## आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 27.03.2024

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में नामांकन जमा करने के अंतिम दिन तक आज बारह लोगों ने नामांकन दाखिल किया–दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद के लिए कल अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला होगा शुरू।

2– जगदलपुर की महापौर सफीरा साहू और छह कांग्रेस पार्षद सहित सैकड़ों लोग आज भाजपा में शामिल हुए।

3– कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की बाकी बची चार लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है।

4– बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो महिला सहित छह माओवादी मारे गए।

<u>लोकसभा चुनाव–नामांकन</u>

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में नामांकन जमा करने का आज अंतिम दिन था। आज आठ लोगों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इनमें कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा और भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप प्रमुख हैं। इस सीट के लिए कुल बारह उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। भाजपा प्रत्याशी श्री कश्यप के नामांकन दाखिल करने के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित वरिष्ठ मंत्री और पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी श्री लखमा के नामांकन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद थे। कल अट्ठाईस मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार तीस मार्च तक नाम वापस ले सकेंगे। इस सीट के लिए उन्नीस अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।

वहीं, दूसरे चरण के तहत प्रदेश की तीन लोकसभा सीट– राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद के लिए कल अट्ठाईस मार्च को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसी के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि चार अप्रैल है। पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार आठ अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

इस बीच, राज्य निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय देने की घोषणा की है। मैदानी क्षेत्रों में मतदान सुबह आठ बजे के बजाय सात बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे की जगह छह बजे तक चलेगा। वहीं, माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में मतदान के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यहां तय समय के अनुसार सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक ही मतदान होगा।

<u>भाजपा–प्रवेश</u>

जगदलपुर की महापौर सफीरा साहू और छह कांग्रेस पार्षद सहित सैकड़ों लोग आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हो गए। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप तथा विधायक अजय चंद्राकर मौजूद थे।

<u>लखमा–भाजपा सीईओ ज्ञापन</u>

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने आज बस्तर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा द्वारा मतदाताओं को पैसे बांटने और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले से की है। रायपुर सांसद सुनील सोनी के नेतृत्व में भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में श्रीमती कंगाले को एक ज्ञापन सौंपा। इस मामले में कवासी लखमा के खिलाफ जगदलपुर थाने में एफआईआर भी दर्ज की गई है।

दूसरी ओर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भाजपा के खिलाफ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर राजनांदगाव से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के खिलाफ धर्म, जाति और समुदाय के आधार पर दुष्प्रचार करने की शिकायत की है।

भाजपा–स्टार प्रचारक

भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए चालीस स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। स्टार प्रचारकों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अन्य नेताओं के नाम शामिल हैं।

कांग्रेस–उम्मीदवार

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की बाकी बची चार लोकसभा सीटों के लिए कल देर शाम अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। इनमें बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से देवेंद्र सिंह यादव, सरगुजा से शशि सिंह, रायगढ़ से मेनका देवी सिंह और कांकेर लोकसभा क्षेत्र से बीरेश ठाकुर शामिल हैं। कांग्रेस पहले ही सात लोकसभा क्षेत्र के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ की सभी ग्यारह लोकसभा क्षेत्रों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा पहले ही कर चुकी है।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा, बकावंड और छिंदावाड़ा में महिला स्व–सहायता समूहों की दीदियों ने मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया और मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इसी तरह, शिक्षक–शिक्षिकाओं और अन्य कर्मचारियों ने भी मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान करने की शपथ ली।

वहीं, कोंडागांव जिले के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होली कवि सम्मेलन और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय कवियों ने हिन्दी और हल्बी कविताओं के माध्यम से युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

इधर, जांजगीर–चांपा जिले के सभी विकासखंडों में आज मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी आयु वर्ग के मतदाताओं ने दौड़ लगाई और मतदान करने की शपथ ली। मैराथन दौड़ में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कल स्वीप कार्यक्रम के तहत चांपा स्थित डॉक्टर भीमराम अंबेडकर भवन में थर्ड जेंडर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

वहीं, सक्ती जिले में होली मिलन उत्सव और स्वच्छता अभियान के माध्यम से स्व–सहायता समूह द्वारा गांव–गांव में मतदान के प्रति जागरूकता लाने विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज जनपद पंचायत मालखरौदा और जैजैपुर में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

इसी तरह, मुंगेली जिले के विचारपुर, सिल्ली और पथर्रा सहित कई गांवों में राष्ट्रीय आजीविका मिशन की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली और लोगों को शत–प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

माओवादी मुठभेड़

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो महिला सहित छह माओवादी मारे गए हैं। मारे गए सभी माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इन माओवादियों पर चौदह लाख रूपये का इनाम घोषित था।

जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि कोबरा बटालियन, सीआरपीएफ और डीआरजी की संयुक्त टीम जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र से तलाशी अभियान पर निकली थी। इस दौरान चिपुरभट्टी इलाके में तालपेरू नदी के किनारे पहले से घात लगाए बैठे माओवादियों के प्लाटून नंबर–दस के सदस्यों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में छह माओवादी मारे गए। श्री यादव ने बताया कि मारे गए माओवादियों में से चार की पहचान कर ली गई है। इनमें डिप्टी कमांडर नागेश और उसकी पत्नी सोनी के अलावा सदस्य गंगी और आयतू शामिल हैं। घटनास्थल की तलाशी के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला–बारूद और दैनिक उपयोग की सामग्री जब्त की गई है। सुरक्षा बलों ने इस मुठभेड़ में कई माओवादियों के घायल होने का दावा किया है।

दुर्घटना

दुर्ग जिला मुख्यालय में तेज रफ्तार एक कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो युवकों की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात सिकोलाभाटा निवासी चार युवक कार में सवार होकर घूमने निकले थे। इसी दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह कई फीट ऊपर हवा में उछली और पलट गई। इस हादसे में कार चालक सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

दूषित भोजन–बीमार

बलरामपुर जिले में दूषित भोजन खाने से सैकड़ों ग्रामीण फूड प्वॉइजनिंग के शिकार हो गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर लोगों का इलाज किया जा रहा है। जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर बसंत सिंह ने बताया कि होली मिलन कार्यक्रम में सनावल, डिंडो, रामचंद्रपुर, बगरा सहित आसपास के कई गांवों के लोग पहुंचे थे। इस दौरान भोजन के बाद कुछ लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हें इलाज के लिए सनावल उप स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां चौदह गांवों के एक सौ पच्चीस ग्रामीणों का इलाज चल रहा है। फिलहाल सभी की स्थिति सामान्य बताई गई है।

सफेद बाघ–विनिमय

स्वस्थ बच्चों के प्रजनन के लिए सफेद बाघों का विनिमय किया गया है। इसके तहत छत्तीसगढ़ के भिलाई स्थित मैत्री बाग से एक सफेद बाघिन 'रक्षा' को रायपुर के जंगल सफारी भेजा गया है। वहीं, जंगल सफारी रायपुर से एक सफेद बाघिन 'जया' को भिलाई स्थित मैत्री बाग लाया गया है। बाघों का यह विनिमय सेन्ट्रल जू अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नियमों के अनुसार किया गया है।

ट्रेन परिचालन

रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर गुजरने वाली हैदराबाद–रक्सौल–सिकंदराबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन तीस मार्च से बढ़ाकर दो जुलाई तक कर दिया है। यह ट्रेन प्रत्येक शनिवार को हैदराबाद से छह अप्रैल से उनतीस जून तक चलेगी। इसी तरह, रक्सौल–सिकंदराबाद से यह ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को नौ अप्रैल से दो जुलाई तक चलेगी।

संक्षिप्त समाचार

– दुर्ग जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने कार्य में लापरवाही और अभद्र व्यवहार के मामले में मोहन नगर और नंदिनी नगर थाने में पदस्थ दो आरक्षकों को निलंबित कर लाइन अटैच कर दिया है।

– दुर्ग जिले के रसमड़ा स्थित औद्योगिक क्षेत्र में कल रात निजी कंपनी के फर्नेस में विस्फोट होने के बाद एक मजदूर गिर गया, जिससे उसकी जलकर मौत हो गई। अंजोरा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

– जांजगीर–चांपा जिले की बिर्रा पुलिस ने करही गांव में अवैध रूप से सागौन लकड़ी की तस्करी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक पिकअप वाहन जब्त किया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>